# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 25.03.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थानाक्षेत्र के शोहरतगढ़ व ढेबरुआ मे स्थित पेट्रोल पम्पों का भ्रमण किया गया तथा यह बताया गया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, तथा आमजनमानस से अफवाहों पर ध्यान न देंनें हेतु अपील की गयी।**

आज दिनांक 25.03.2026 को उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थानाक्षेत्र के शोहरतगढ़ व ढेबरुआ मे स्थित पेट्रोल पम्पों का भ्रमण किया गया तथा यह बताया गया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है तथा सभी पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है, और आमजनमानस से अफवाहों पर ध्यान न देंनें की अपील की गयी तथा पेट्रोल पम्प के मालिक/कर्मचारीयों को निर्देश दिया कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और ग्राहकों को सुरक्षित सेवा प्रदान करें। पेट्रोल-डीजल को लेकर झूठी जानकारी या अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय एसओजी टीम व थाना कठेला समयमाता की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गैंगैस्टर एक्ट के आरोपी ₹ 25,000/- के इनामियां वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया माननीय न्यायालय।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में, मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार मय SOG टीम द्वारा अभियान के तहत कल दिनांक 24.03.2026 को मु0अ0सं0- 22/2026 धारा 2(ख)(17) व 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कठेला समय माता से सम्बन्धित ₹ 25,000/- के इनामियां वांछित अभियुक्त को मेडिकल कालेज रोड पर बड़े डाक घर के सामने थाना सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर, माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.अकबर उर्फ गुड्डे पुत्र हजारी बंजारा निवासी ग्राम गोपीजोत थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**आपराधिक इतिहास**

01. मु0अ0सं0-033/2025 धारा 303(2)/61(2) बीएनएस 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधि0 थाना चिल्हिया जनपद सि0नगर।
02. मु0अ0सं0-022/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि,1986
03. मु0अ0सं0-099/2018 धारा 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधि0 थाना मोहाना जनपद सि0नगर
04. मु0अ0सं0-72/2019 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि,1986
05. मु0अ0सं0-1176/2010 धारा 323/498 ए/504/506 भा0द0वि0 व ¾ दहेज प्रतिषेध अधि0,1961 थाना मोहाना जनपद सि0नगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.** प्र0नि0 अरूण कुमार थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।
02. नि0 मिथलेश कुमार राय प्रभारी -SOG टीम
03. उ0नि0 ऋषिदेव प्रसाद थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।
04. हे0का0 राजीव कुमार शुक्ल- SOG टीम
05. हे0का0 मनोज कुमार राय- SOG टीम
06. हे0का0 आशुतोष धर दूबे- SOG टीम
07. हे0का0 कमलेश यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।
08. हे0का0 अश्वनी चौहान थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।
09. का0 छविराज यादव - SOG टीम
10. का0 सत्येन्द्र यादव-- SOG टीम
11. का0 रोहित चौहान- SOG टीम

## प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ के मिशन शक्ति केंद्र पर महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की गई तथा छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र के कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में आज दिनांक 25.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ के मिशन शक्ति केंद्र पर महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की गई तथा छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र का भ्रमण कराकर केंद्र के कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं, बालिकाओं को केंद्र के द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में बताया, जैसे कि महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकने, और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर केंद्र से संपर्क करने हेतु बताया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार साझा किए और केंद्र की कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र के द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं बहुत उपयोगी हैं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने में मदद मिल रही है।

## प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना चिल्हिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से गोवध निवारण अधिनियम के आरोपी को 05 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व ₹ 3,02,000/-(तीन लाख दो हजार रुपये) के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 25.03.2026 को वाद सं0-472/2025 मु0अ0सं0 33/2025 धारा 303(2), 61(2)बीएनएस व 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना चिल्हिया में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-1 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त असगर उर्फ किनकिन पुत्र कतीबन बंजारा निवासी गोपीजोत थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 303(2) बीएनएस व 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम में 05 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व ₹ 3,02,000/- (तीन लाख दो हजार रुपये) के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक चन्द्र प्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अंकित का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत क्षेत्राधिकारी बांसी, थानाध्यक्ष खेसरहा द्वारा मय टीम थाना स्थानीय पर सनराईज पब्लिक स्कूल की छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन तथा साइबर अपराध के संबंध में लघु फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित कर जागरूक किया गया।**

**◆08 की एक छात्रा आराध्या पाण्डेय को प्रतीकात्मक रूप से थाना प्रभारी बनाकर थाने की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.03.2026 को थाना खेसरहा पर मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी, थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप कुमार मिश्र मय मिशन शक्ति एवं साइबर टीम द्वारा सनराईज पब्लिक स्कूल की छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन तथा साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति-खुशी एवं आत्मनिर्भर विषयक लघु फिल्में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित की गईं। विशेष रूप से कक्षा 08 की एक छात्रा आराध्या पाण्डेय को प्रतीकात्मक रूप से थाना प्रभारी बनाकर उसे थाने की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों के संबंध में जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास एवं जागरूकता बढ़े। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे—1090 (विमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102/108 (स्वास्थ्य/एम्बुलेंस सेवा)—के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री अमित पाण्डेय, प्रधानाचार्य श्री मनीष पाण्डेय, महिला शिक्षिकाएं दीक्षा चौरसिया, दीप्ति पाण्डेय, निशा चौरसिया एवं शिक्षक आशीष पाण्डेय, शिवम पाण्डेय सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे और कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में महिला थाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा कंपोजिट विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय साड़ी में बालक एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25/03/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्र0नि0महिला थाना भाग्यवती पांडे द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत कंपोजिट विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय विकास खंड साड़ी,नौगढ़ में जाकर बालक एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जैसे गुड/बैड टच आदि के बारे में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम**

उ0नि0 श्री रामनारायण शुक्ला

म0आ0 प्रगति राय

पीOआरOडीO गुड़िया

पीOआरOडीO अनिता

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण/ "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता के तहत ग्राम धोबहा मे जन चौपाल लगाकर उपस्थित बालिकाओं/महिलाओं को "जन चौपाल" लगाकर लोगों को जागरूक किया गया व जागरुकता अभियान के पोस्टर चस्पा किये गये।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी* क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व श्री अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता की उपस्थिति में आज दिनांक 25.03.2026 को "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 "/ मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन मिशन शक्ति ग्राम धोबहा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर मे मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान " उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित एकत्रित महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें गांव की लगभग 150 महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रही जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन/ यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन/ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन/ 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन / 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए)/ 101 अग्निशमन हेल्पलाइन/ 1930 साइबर हेल्पलाइन/ 14567 एल्डर हेल्पलाइन/ 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर / 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान " सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान(कवच परियोजना), नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

इस दौरान, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति, उ0नि0आनन्द कुमार,हे0का0कमलेश यादव,हे0का0 विनीत शुक्ला,हे0का0पारस प्रसाद,का0दिलीप वर्मा, म0का0 ज्योति पाण्डेय,म0का0 करिश्मा आदि अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा शक्ति केन्द्र पर गांव की महिलाओं, बच्चियों, आशा बहु, आगनवाणी एवं ग्राम प्रधान को बुलाकर मिशन शक्ति के बारे में जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25/03/2026 अमित कुमार थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व मे थाना परिसर में मिशन शक्ति केन्द्र पर गांव की महिलाओं, बच्चियों, आशा बहु, आगनवाणी एवं ग्राम प्रधान को बुलाकर मिशन शक्ति के उद्देश्यों व कार्यों के बारे में जागरुक व अवगत कराया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम**

01- उ0नि0- अमित कुमार थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार
02-उ0नि0 -संतोष कुमार सिंह
03-उ0नि0- मलखा प्रसाद
04-आ0- सुदामा यादव
05-म0आ0-सोनी यादव
06-म0आ0- बबिता कुमारी
07-म0 पीआरडी- केतकी देवी

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा दो सगे भाइयों के मध्य पारिवारिक विवाद को सुलझाकर एक टूटते परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्तिफेज 5.0 (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मिशन शक्ति केन्द्र पर आवेदिका बेबी श्रीवास्तव पत्नी टिंकू श्रीवास्तव , टिंकू श्रीवास्तव पुत्र स्व0 वीरेंद्र बहादुर व संजीव श्रीवास्तव पुत्र स्व0 वीरेन्द्र बहादुर निवासी बिजौरा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद जिसमें बेबी पत्नी टिंकू श्रीवास्तव घर से बेघर थे। दिए गए प्रार्थना पत्र की मिशन शक्ति टीम द्वारा जांच कर दोनों पक्षों को समझाया बुझाया गया। चूंकि उभयपक्ष आपस में सगे भाई है। अतः दोनों भाई अपनी अपनी पत्नी के साथ एक घर में रहने को राजी हो गए। एक टूटते परिवार को बिखरने से बचाया गया। मौके पर शांति का माहौल बना है।
आवेदिका द्वारा कुशलता व्यक्त की गई।

**मिशन शक्ति टीम**

1 उप नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय
2 उप0 नि0 तालीमुद्दीन खान
3. हेड कांस्टेबल धनंजय दुबे
4.महिला कांस्टेबल प्रीति

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(II) के तहत महिला सशक्तिकरण के क्रम में नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के बारे में जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में आज दिनांक 25.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं/बलिकाओं को मिशन शक्ति /साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम-**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय

02. म0का0खुशबू सिंह

03.म0पी0आर0डी0 रीता

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा कंपोजिट विद्यालय बराव नानकार एवं प्राथमिक विद्यालय पिपरा की बालिकाओं को मिशन शक्ति केन्द्र पर बुलाकर महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा प्रवीन प्रकाश तथा थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत कंपोजिट विद्यालय बराव नानकार एवं प्राथमिक विद्यालय पिपरा की बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाकर मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाये जैसे- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया, तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम में ब्लॉक प्रभारी मिशन शक्ति श्री आशुतोष तिवारी प्रधानाध्यापक श्री सुनील कुमार चौधरी महिला अध्यापक श्रीमती नेहा बाजपेई एवं अध्यापकगण श्री शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी,श्री प्रेमपाल सिंह,श्री सफीक अहमद जी की उपस्थिति रही।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर**

01. थानाध्यक्ष रामदेव

02.उ0नि0 रणविजय सिंह

03.आरक्षी रणजीत यादव

04.म0आ0 चांदनी मिश्रा

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (II) के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र पर बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत मिशन शक्ति केन्द्र पर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय
02. उ0नि0नि0तालीमुद्दीन खान
03. हेड कांस्टेबल धनंजय दुबे
04. महिला कांस्टेबल प्रीति

# प्रेस नोट दिनांक 25.03.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस टीम द्वारा त्यौहार चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 25.03.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार रामनवमी के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त व चेकिंग किया जा रहा है। इस दौरान बाजारों, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर आम जनता से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि अफवाहो पर ध्यान न दें, किसी भी खबर को प्रमाणिक स्रोतो से प्रमाणित किये बिना प्रसारित न करे  किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।